**99. नीचे विवरण दिए गए हैं और उनके बाद कुछ निष्कर्ष दिए गए है। सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों के अनुसार यदि भिन्नता मालूम हो, तब भी आपको दिए गए विवरणों को ही सही मानना है-**

**विवरण : I. बच्चे कभी कभी शरारत करते हैं।**

**II. माताएँ पागल लोगों की तरह अपने बच्चों पर चीखती हैं।**

**निष्कर्ष: I. सभी माताएँ पागल होती हैं।**

**II. बच्चे अपनी माताओं के चीखने के कारण शरारती होते हैं।**

**दिए गए कथनों में से कौन-सा तर्क संगत ढंग से दिए गए विवरणों का अनुगमन करता है?**

(a) I व II निष्कर्ष का अनुगमन नहीं करते हैं।

(b) केवल निष्कर्ष I ही अनुगमन करता है।

(c) केवल निष्कर्ष II ही अनुगमन करता है।

(d) I व II दोनों निष्कर्ष का अनुगमन करते हैं।

(e) अनुत्तरित प्रश्न

**100. कथन : क्या राजनीतिक कारणों के कारण अपहरणकर्ता को फिरौती देने की शर्तों पर सहमत होना सही है?**

**तर्क :**

**I. हाँ, पीड़ितों का सुरक्षित रहना सबसे अधिक आवश्यक है।**

**II. नहीं, इससे अपहरणकर्ता का हौसला बढ़ेगा तथा वे लगातार इस तरह की अपराधिक गतिविधियाँ करते रहेंगे?**

(a) केवल I तर्क अनुसरण करता है।

(b) केवल II तर्क अनुसरण करता है।

(c) I और II दोनों तर्क अनुसरण करते हैं।

(d) न तो I और न ही II अनुसरण करता है।

(e) अनुत्तरित प्रश्न

♦♦♦♦

**1. [b]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान का पूर्व-पश्चिम विस्तार (869 किमी.) उत्तर दक्षिणी विस्तार (826 किमी.) से अधिक है।
- राज्य की सीमा लगभग 5920 किमी. है (स्थल सीमा < 6000 किमी.) अक्षांशीय विस्तार लगभग 7 डिग्री से कम है (23°03'N से 30°12'N)

**2. [d]**

**व्याख्या:-**

**स्पष्टीकरण:**

1. **जोधपुर– मयूराकार**
2. **सीकर– अर्द्धचन्द्राकार**
3. **जैसलमेर–अनियमित बहुभुजाकार** है।
4. **करौली – बतखाकार**

**3. [d]**

**व्याख्या:-**
**राजस्थान में वर्षा का वितरण इस प्रकार है -**

| **प्राकृतिक भाग** | **औसत वर्षा** |
|---|---|
| अ. उत्तरी-पश्चिमी रेगिस्तान | 12-15 सेमी. (कम से कम) |
| ब. पूर्वी मैदान | 40-80 सेमी. |
| स. मध्यवर्ती पहाड़ी क्षेत्र | 20-90 सेमी. (विविधता) |
| द. दक्षिण-पूर्वी पठार | 75 सेमी. या उससे अधिक |

**4. [b]**

**व्याख्या:-**

- उपर्युक्त प्रश्न में **दोनों कथन सही है** अतः **विकल्प [b]** इसका सही उत्तर है।

1. **उत्तर-पूर्व से दक्षिण-पश्चिम दिशा में चलने वाली हवाएं** राजस्थान में मरुस्थलीकरण को बढ़ावा देती हैं। ये हवाएं रेत को दूर-दूर तक उड़ाकर बस्तियों और कृषि भूमि तक पहुँचा देती हैं।
2. **थार मरुस्थल मानसून संचालित रेगिस्तान है**, जिसका तात्पर्य यह है कि यहाँ की जलवायु मानसून के आगमन और विफलता पर निर्भर करती है।

- गर्मियों में हवाएं तेज चलती हैं जिससे **पवन अपरदन** अधिक होता है। **अरावली पर्वतमाला** मरुस्थलीकरण को रोकने में एक प्राकृतिक बाधा है, परंतु **खनन गतिविधियों के कारण इसकी निरंतर कटौती** से यह बाधा कमजोर हो रही है, जिससे रेगिस्तान का फैलाव और अधिक हो रहा है।

**5. [c]**

**व्याख्या:-**

**कथन विश्लेषण**:

- **कथन 1 सही**: थार में बलुआ पत्थर से बलुई मृदा (जैसलमेर)।
- **कथन 2 सही**: दक्षिण में ग्रेनाइट से लाल लोमी (बाँसवाड़ा)।
- **कथन 3 सही**: दक्षिण-पूर्व में बेसाल्ट से काली मृदा (हाड़ौती)।
- **कथन 4 गलत**: फॉस्फेटिक शैलों से लाल मृदा नहीं बनती।

**6. [c]**

**व्याख्या:-**

- **साबरमती नदी** उदयपुर के **कोटड़ा क्षेत्र** में अरावली पर्वतमाला से निकलती है। माही (मध्यप्रदेश) से, पश्चिमी बनास (सिरोही) से, और जाखम (प्रतापगढ़) से निकलती है।

**7. [a]**

**व्याख्या:-**

- तालाब-ए-शाही-धौलपुर
- गैब सागर-डूंगरपुर
- कडाणा-बांसवाड़ा
- हेमावास-पाली

**8. [d]**

**व्याख्या:-**

**राजस्थान में प्रमुख खनिज (Mineral) और उनके स्रोत:**

| **खनिज** | **प्रमुख स्थान (स्रोत)** | **ज़िला/क्षेत्र** |
|---|---|---|
| लौह अयस्क | काली पहाड़ी | बूंदी/करौली क्षेत्र |
| मैंगनीज | काला खूंटा | बांसवाड़ा |
| टंगस्टन | रेवत पहाड़ियाँ | डूंगरपुर |
| बेरिलियम | सागवाड़ा | डूंगरपुर |

**9. [b]**

**व्याख्या:-**

- नाडोल: पाली (iv)
- धर्मपुरा: बाड़मेर (iii)
- उमरिया: झालावाड़ (ii)
- माल की तूस: उदयपुर (i)

**10. [a]**

**व्याख्या:-**

**2011 की जनगणना के अनुसार**:

(i) सभी जिलों में लिंगानुपात 1000 से कम था (डूंगरपुर: 994, सर्वाधिक)। सही।

(ii) राजस्थान का लिंगानुपात (928) राष्ट्रीय औसत (943) से कम था। सही।

(iii) धौलपुर (841) सहित कई जिलों में शहरी लिंगानुपात 1000 से कम था, लेकिन टोंक (985) जैसे अपवाद थे। गलत।

(iv) पाली (1003) को छोड़कर सभी जिलों में ग्रामीण लिंगानुपात 1000 से कम था। सही।

- इसलिए, **सही कथन i, ii, iv** हैं। विकल्प (a) सही है।

**11. [b]**

**व्याख्या:-**

- **कथन (A)** सही है, क्योंकि राजस्थान में उच्च सौर विकिरण, विशाल रेगिस्तानी क्षेत्र और अनुकूल नीतियाँ सौर ऊर्जा विकास की असीम संभावनाएँ प्रदान करती हैं।
- **कारण (R)** भी सही है, क्योंकि भाड़ला सोलर पार्क (जोधपुर) 2,245 मेगावॉट क्षमता के साथ राजस्थान का सबसे बड़ा

सोलर पावर प्लांट है। हालांकि, (R) केवल एक उदाहरण है और (A) की पूरी व्याख्या नहीं करता, क्योंकि सौर ऊर्जा की संभावनाएँ भाड़ला पार्क तक सीमित नहीं हैं।

**12. [a]**

**व्याख्या:-**

- दापा एक राशि है**,** जो दुल्हन के परिवार को दूल्हे के परिवार द्वारा दुल्हन की कीमत के रूप में दी जाती है।
- कन्या पक्ष द्वारा वर पक्ष से कन्या के बदले में धनराशि लेना।

**13. [d]**

**व्याख्या:–**

- नीलगुण्ड, देवली, रामनपुर व करहाड़ अभिलेखों तथा संजन, माने व भड़ौच ताम्रपत्रों में प्रतिहारों को गुर्जर कहा गया है।
- बादामी के चालुक्य शासक **'पुलकेशिन–द्वितीय' के 'एहोल अभिलेख (634 ई.)'** में प्रतिहार शब्द का सर्वप्रथम उल्लेख हुआ है।
- प्रतिहार शब्द का प्रथम साहित्यिक उल्लेख बाणभट्ट के ग्रंथ 'हर्षचरित्र' में हुआ है।
- यशस्तिलकचम्पू, कुवलयमाला व स्कंदपुराण नामक ग्रंथों में भी प्रतिहारों को गुर्जर शब्द से संबोधित किया गया है।

**14. [c]**

**व्याख्या:–**

**जैत्रसिंह (1213-53 ई.)**

- यह गुहिल वंश का प्रतापी शासक था जिसने भूताला (उदयपुर) के युद्ध (1227 ई.) में इल्तुतमिश को पराजित किया था।

**तेजसिंह (1253-73 ई.)**

- इसने 'परमभट्टारक, महाराजाधिराज, परमेश्वर, उमापतिवार तथा लब्धप्रौढ़ प्रताप की उपाधियां धारण की।
- इसके शासनकाल में आहड़ में 1260 ई. में कमलचंद्र द्वारा ताड़पत्र पर 'श्रावक प्रतिक्रमण सूत्र चूर्णी' नामक ग्रंथ का चित्रण किया। इसे मेवाड़ का पहला चित्रित ग्रंथ माना जाता है।
- तेजसिंह ने बलबन (दिल्ली) को पराजित किया था।

**समरसिंह (1273-1302 ई.)**

- समरसिंह (समरसिंह गहलोत/गुहिल) मेवाड़ के **गुहिल वंश** के प्रमुख शासकों में गिने जाते हैं। उनका शासनकाल **13**वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में माना जाता है।

**15. [b]**

**व्याख्या:-**

- उपजाऊ भूमि 'माल' व पहाड़ी भूमि 'मगरा' कहलाती थी।
- सर्दी में पैदा फसल 'सियालू' व गर्मियों में पैदा होने वाली फसल 'उनाल' कहलाती थीं।
- उपज पर करं का निर्धारण 'लाटा एवं कूंता' प्रणाली से होता था।

**16. [d]**

**व्याख्या:-**

**एकी आंदोलन के निम्न उद्देश्य थे-**

- राज्य व जागीरदारों द्वारा भीलों के किसी भी प्रकार के शोषण का विरोध।
- राज्य व जागीर की कचहरियों (न्यायालयों) का बहिष्कार।
- भीलों व गरासियों का सामाजिक उत्थान।

**17. [b]**

**व्याख्या:-**

- 1903 ई. में, राव कृष्ण सिंह ने बिजोलिया क्षेत्र में चंवरी कर लगाया।
- पृथ्वी सिंह ने मेवाड़ द्वारा नये जागीरदार से 'तलवार बंधाई' के रूप में ली गई रकम का भार जनता पर डाल दिया।
- विरोध स्वरूप किसानों ने सम्पूर्ण जागीर में हल नहीं चलाया।

**18. [a]**

**व्याख्या:–**

- पाबूजी के पवाड़े या पावड़े - प्रसिद्ध गाथा गीत है, जो माठ वाद्य यंत्र के साथ गाए जाते हैं।
- पाबूजी की फड़ - नायक या थोरी जाति के भोपों द्वारा रावण हत्था वाद्ययंत्र के साथ बाँची जाती है।
- मेला - कोलुमण्ड गाँव (फलोदी) में मेला भरता है।
- पाबूजी की घोड़ी - केसर कालमी (यह काले रंग की घोड़ी उन्हें देवल चारणी ने दी।)
- पाबू धणी री वाचना - थोरी जाति लोग सारंगी के साथ पाबूजी का यश गाते है जिसे राजस्थान की प्रचलित भाषा में पाबू धणी री वाचना कहते हैं।
- हरमल व चाँदा डेमा पाबूजी के रक्षक थे।
- सन् 1276 ई. में जोधपुर के देचू गाँव में देवल चारणी की गायों को अपने बहनोई जींदराव खींची से छुड़ाते हुए पाबूजी वीर गति को प्राप्त हुए।
- इस युद्ध में पाबूजी के भाई बूड़ोजी भी शहीद हुए।

**19. [b]**

**व्याख्या-**

- **सिंहथल शाखा (बीकानेर) -** संस्थापक संत हरिराम दास जी
- **रैण शाखा रैण (नागौर) -** संस्थापक संत दरियाव जी।
- **खेड़ापा शाखा (जोधपुर) -** संस्थापक संत रामदास जी**।**
- **शाहपुरा शाखा -** संस्थापक संत रामचरण जी ।

**20. [a]**

**व्याख्या:-**

**ऋषभदेव (धुलेव, उदयपुर)**

- उदयपुर में धुलेव कस्बे में आदि तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का विशाल मंदिर स्थित है। इस मंदिर में दिगंबर, श्वेतांबर, वैष्णव, शैव, भील सभी समुदाय के लोग आते हैं।
- इस मंदिर में भगवान की पूजा केसर से की जाती है, इसलिए यह तीर्थ केसरियाजी या केसरियानाथ जी के नाम से जाना जाता है। धुलेव कस्बा अब ऋषभदेव के नाम से जाना जाता है। मंदिर में तीन फीट ऊंची काले पत्थर से निर्मित ऋषभदेव की मूर्ति स्थित है। यहां पर चैत्र कृष्ण अष्टमी को विशाल मेले का आयोजन होता है तथा हर साल आश्विन कृष्ण प्रथम तथा द्वितीय को भगवान की भव्य रथ यात्रा निकलती है।

**21. [c]**

**व्याख्या:-**

- 'झिम्मी' - फेरे अथवा सप्तपदी के समय मामा द्वारा दी गई और वधू द्वारा पहनी गई गोटे-किनारी युक्त लाल-गुलाबी ओढणी।

**22. [d]**

**व्याख्या:-**

- अंगोटिया कान में पहना जाता है।
- मांदल्या गले में पहना जाता है।
- दामणा अंगुलियाँ में पहना जाता है।
- कन्दोरा कमर पर पहना जाता है।

**23. [a]**

**व्याख्या:-**

- यज्ञोपवीत (उपनयन) संस्कार के माध्यम से, जो शिक्षा की शुरुआत का प्रतीक है, बालक को औपचारिक शिक्षा के लिए गुरु के संरक्षण (गुरुकुल) में भेजा जाता था। यह संस्कार ब्रह्मचर्य आश्रम में प्रवेश (वेदों के अध्ययन) का प्रतीक था, जहाँ छात्र पवित्र धागा धारण कर नैतिक जीवन जीते थे।

**24. [b]**

**व्याख्या:-**

- यह परिवार में मुखिया की मृत्यु के बाद निश्चित दिन पर होने वाला दस्तूर था। राजस्थान के राज-परिवारों में किसी उत्तराधिकारी को औपचारिक रूप से अधिकार और जिम्मेदारी सौंपने का एक समारोह है, जिसमें उत्तराधिकारी के माथे पर तिलक लगाकर उसे पगड़ी बांधी जाती है।

**25. [a]**

**व्याख्या:-**

- बीकानेर रे राठौड़ो री ख्यात रचना दयाल दास की है।
- आर्याख्यान कल्पद्रुम कविराज दयालदास सिंढायच द्वारा रचित एक ऐतिहासिक ग्रंथ है

**26. [b]**

**व्याख्या :-**

**राज्यपाल हेतु अर्हताएं/योग्यताएँ-**

- संविधान के अनुच्छेद 157 में राज्यपाल हेतु अर्हताएं निर्धारित दी गई है-
  1. उसे भारत का नागरिक होना चाहिए।
  2. वह 35 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका हो।
- राज्यपाल की नियुक्ति से संबंधित दो परम्पराएं भी जुड़ गई यद्यपि दोनों परम्पराओं का कुछ मामलों में उल्लंघन हुआ है-
  1. वह उस राज्य से संबंधित न हो जिस राज्य में नियुक्त किया जा रहा है।
  2. राष्ट्रपति, राज्यपाल की नियुक्ति के मामले में संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री से परामर्श करे।

**27. [d]**

**व्याख्या:-**

**मंत्रिपरिषद् के संदर्भ में शक्तियाँ -**

1. **राज्य मंत्रिपरिषद् का प्रमुख** –मुख्यमंत्री राज्य मंत्रिपरिषद् का प्रमुख होता है।
2. **मंत्रियों की नियुक्ति** -राज्यपाल मंत्रियों की नियुक्ति करता है, लेकिन यह नियुक्ति मुख्यमंत्री की सिफारिश पर की जाती है।
3. **विभागों का वितरण एवं फेरबदल** - मुख्यमंत्री मंत्रियों को विभिन्न विभागों का प्रभार सौंपता है। वह किसी भी समय विभागों के कार्यभार में फेरबदल कर सकता है और मंत्रियों को उनके दायित्वों में परिवर्तन करने का अधिकार रखता है।
4. **मंत्रिपरिषद् से त्याग-पत्र की मांग एवं बर्खास्तगी** -यदि मंत्रिपरिषद् में किसी मंत्री से मतभेद उत्पन्न होता है, तो मुख्यमंत्री उसे त्यागपत्र देने के लिए कह सकता है। यदि मंत्री इस्तीफा देने से इनकार करता है, तो मुख्यमंत्री राज्यपाल को उसकी बर्खास्तगी की सिफारिश कर सकता है।
5. **मंत्रिपरिषद् की बैठक की अध्यक्षता** - मुख्यमंत्री मंत्रिपरिषद् की बैठकों की अध्यक्षता करता है।
6. **मंत्रियों के कार्यकलापों में सहयोग, निर्देश एवं मार्गदर्शन** - मुख्यमंत्री मंत्रियों के कार्यकलापों की निगरानी करता है और उन्हें आवश्यक निर्देश व मार्गदर्शन प्रदान करता है।
7. **मंत्रिपरिषद् का विघटन** - मुख्यमंत्री मंत्रिपरिषद् का अध्यक्ष होता है। यदि मुख्यमंत्री त्यागपत्र देता है, तो पूरी मंत्रिपरिषद् स्वतः ही समाप्त हो जाती है।
8. **शासन विभिन्न विभागों में समन्वय** – यह तालमेल मुख्यमंत्री द्वारा किया जाता है।

**28. [a]**

**व्याख्या:-**

**अनुच्छेद 169**

- अनुच्छेद 168 में किसी बात के होते हुए भी, संसद विधि द्वारा, ऐसे राज्य में विधान परिषद् को समाप्त करने के लिए, जिसमें ऐसी परिषद् नहीं है, या ऐसे राज्य में, जिसमें ऐसी परिषद् नहीं है, विधान परिषद् के सृजन के लिए उपबंध कर सकेगी, यदि उस राज्य की विधान सभा, विधान सभा की कुल सदस्य संख्या के बहुमत द्वारा तथा उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के कम से कम दो-तिहाई बहुमत द्वारा इस आशय का संकल्प पारित कर दे।
- खंड (1) में निर्दिष्ट किसी विधि में इस संविधान के संशोधन के लिए ऐसे उपबंध अंतर्विष्ट होंगे जो उस विधि के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए आवश्यक हों और उसमें ऐसे अनुपूरक, आनुषंगिक और पारिणामिक उपबंध भी अंतर्विष्ट हो सकेंगे जिन्हें संसद आवश्यक समझे।
- अनुच्छेद 179 के खंड (ग) में कहा गया है कि अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को विधानसभा के सभी तत्कालीन सदस्यों के बहुमत से पारित प्रस्ताव द्वारा उनके पद से हटाया जा सकता है।

**29. [a]**

**व्याख्या:-**

**उच्च न्यायालय का गठन**

- भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 216** में राज्यों में उच्च न्यायालय के गठन का प्रावधान किया गया है।
- संविधान के द्वारा प्रत्येक राज्य के लिए एक उच्च न्यायालय की व्यवस्था की गई है।
- **7वें संशोधन अधिनियम, 1956** के द्वारा संशोधित – दो या अधिक राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्र के लिए **एक साझा उच्च न्यायालय** की स्थापना की जा सकती है।

- संसद एक उच्च न्यायालय के न्यायिक क्षेत्र का विस्तार, किसी संघ राज्य क्षेत्र में कर सकती है अथवा किसी संघ राज्य क्षेत्र को एक उच्च न्यायालय के न्यायिक क्षेत्र से बाहर कर सकती है।

**न्यायाधीशों की नियुक्ति**

- मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति **राष्ट्रपति द्वारा**, भारत के मुख्य न्यायाधीश और संबंधित राज्य के राज्यपाल से परामर्श के बाद की जाती है।
- दो या अधिक राज्यों के साझा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति में राष्ट्रपति सभी संबंधित राज्यों के राज्यपालों से परामर्श करता है।
- अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति में संबंधित उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से भी परामर्श किया जाता है।

**रिट क्षेत्राधिकार**

- भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 266** के तहत उच्च न्यायालय को कुछ विशेषाधिकार रिट जारी करने की शक्ति प्राप्त है।
- यदि न्यायादेश देने का कारण इसके क्षेत्राधिकार राज्यक्षेत्र की सीमाओं में है तो उच्च न्यायालय किसी भी व्यक्ति, प्राधिकरण और सरकार को अपने क्षेत्राधिकार के राज्यक्षेत्र की सीमाओं के अंदर बल्कि इसके बाहर भी ऐसा न्यायादेश दे सकता है'।

**30. [a]**

**व्याख्या:-**

- "जिलाधीश की तुलना एक कछुए से की है जिस की पीठ पर भारत सरकार का हाथी खड़ा है।" **- रेम्जे मेक्डोनल्ड**
- "जिलाधीश को एक अधिवक्ता, एक लेखाविद्य, एक सर्वेक्षण कर्ता तथा राज्यपत्रों का तैयार लेखक होना चाहिए।" **- भारतीय स्टेच्युटरी कमिशन प्रतिवेदन, 1930**
- "कहीं दूसरी जगह जिलाधीश के समान न तो कोई अधिकारी हुआ है और न ही होगा।" **– के. के. दास**
- जिलाधीश, प्रशासन की धुरी - 20 मई, 2005 को दिया गया प्रधानमंत्री का भाषण **(अटल बिहारी वाजपेयी)**

**31. [a]**

**व्याख्या:-**

- सिन्धु–सरस्वती सभ्यता (Indus–Saraswati Civilization) की सबसे उल्लेखनीय विशेषता थी – उसकी नगर योजना (Urban Planning)।
- प्रमुख नगर जैसे मोहनजोदड़ो, हड़प्पा, धोलावीरा, राखीगढ़ी आदि में –
- सड़कें सीधी और एक-दूसरे को समकोण पर काटती थीं (ग्रिड पैटर्न)
- मकान पक्की ईंटों से बने थे
- नाली व्यवस्था (Drainage System) बेहद उन्नत थी
- स्नानागार, अन्न भंडारण गृह, सिटाडेल (गढ़) आदि योजनाबद्ध रूप से बने थे।
- इस तरह नगर नियोजन में इतनी आधुनिकता उस युग के लिए अभूतपूर्व थी, जिससे यह स्पष्ट होता है कि कथन I सत्य है।
- प्रारंभ में इसे केवल "सिन्धु घाटी सभ्यता" माना जाता था, लेकिन बाद में जब हरियाणा, राजस्थान, गुजरात आदि में भी खुदाई हुई, तो यह स्पष्ट हुआ कि सभ्यता का विस्तार सिर्फ़ सिन्धु नदी तक सीमित नहीं था।
- घग्घर–हकरा नदी प्रणाली, जिसे प्राचीन सरस्वती नदी के अवशेष माना जाता है, उसके किनारे भी कई प्रमुख स्थल (जैसे कालीबंगा, राखीगढ़ी, बनवाली) पाए गए।
- भारत सरकार के ASI (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) और अनेक इतिहासकारों ने इसे सिन्धु–सरस्वती सभ्यता कहकर मान्यता दी।

**32. [a]**

**व्याख्या:-**

| | |
|---|---|
| साँची (मध्यप्रदेश) | चार सिंह |
| धौली (भुवनेश्वर, उड़ीसा) | एक गज का अग्र भाग |
| सारनाथ (उत्तरप्रदेश) | चार सिंह |
| एलिफेन्टा | त्रिमूर्ति प्रतिमा |

**33. [d]**

**व्याख्या:-**

**सल्तनतकाल के प्रमुख राजवंश**

| **वंश** | **संस्थापक** |
|---|---|
| गुलाम (1206-1290) | कुतुबुद्दीन ऐबक |
| खिलजी (1290-1320) | जलालुद्दीन खिलजी |
| तुगलक (1320-1414) | गयासुद्दीन तुगलक |
| सैय्यद (1414-1451) | खिजखाँ |
| लोदी (1451-1526) | बहलोल लोदी |

**34. [d]**

**व्याख्या:-**

- फतेहपुर सीकरी के हरम सरा खंड में महिलाओं के महल यानी हरम सारा होता है। फतेहपुर सीकरी में मौजूद कुछ और इमारतें ये रहीं : जोधा बाई का महल, मरियम का महल, बीरबल का महल, तुर्की सुल्ताना का महल, पंच महल, दीवान-ए-खास, स्वर्ण महल, दीवाने आम

**35. [a]**

**व्याख्या:-**

- बंगाल का सिपाही विद्रोह-1764, वेल्लोर का सिपाही विद्रोह 1806, कच्छ का विद्रोह-1819, कोल विद्रोह 1831, सन्थाल विद्रोह 1855

**36. [b]**

**व्याख्या:-**

- महाड़ सत्याग्रह, जो 1927 में भारत के महाराष्ट्र के महाड़ शहर में हुआ था, इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण के रूप में जाना जाता है।
- डॉ. बीआर अंबेडकर के नेतृत्व में, इस अहिंसक विरोध ने भारत में दलित समुदाय के लिए सामाजिक न्याय, समानता और नागरिक अधिकार प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया।
- 20 जुलाई 1924 को अम्बेडकर ने 'अस्पृश्य' के उद्धार के लिए बॉम्बे के परेल में एक संगठन स्थापित किया, जिसे बहिष्कृत हितकारिणी सभा (आउटकास्ट कल्याण परिषद) कहा जाता है।

**37. [b]**

**व्याख्या:-**

- 1919 का भारत सरकार अधिनियम (गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट) प्रांतीय सरकारों को मजबूत बनाने और द्वैध शासन की स्थापना करने के लिए था।
- भारत सरकार अधिनियम 1935 ने भारत में संघीय शासन की नींव रखी। इस अधिनियम ने ब्रिटिश प्रांतों और स्वेच्छा से शामिल होने वाले भारतीय राज्यों के संघ के गठन का आह्वान किया। 1909 में, भारत परिषद अधिनियम, जिसे मार्ले-मिंटो सुधार भी कहा जाता है, पेश किया गया था। 1909 के सुधारों ने साम्प्रदायिक निर्वाचन प्रणाली को अपनाया, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय एकता को नष्ट करना था।
- भारत सरकार अधिनियम 1858 ब्रिटिश संसद का एक अधिनियम था जिसने ईस्ट इंडिया कंपनी की सरकार और क्षेत्रों को ब्रिटिश क्राउन में स्थानांतरित कर दिया था। अधिनियम ने भारत में ब्रिटिश क्षेत्रों पर कंपनी के शासन को समाप्त कर दिया और इसे सीधे ब्रिटिश सरकार को पारित कर दिया।

**38. [a]**

**व्याख्या:-**

- भारतीय संविधान सभा वयस्क मताधिकार पर आधारित नहीं थी। यह कई समितियों के माध्यम से कार्य करती थी जिनमें से प्रत्येक में एक अलग कार्य होता था।
- भारत का संविधान लिखने के लिए भारत की संविधान सभा का चुनाव किया गया था।
- इसे 'प्रांतीय विधानसभा' द्वारा चुना गया था।
- अंग्रेजों से भारत की स्वतंत्रता के बाद, इसके सदस्यों ने देश की पहली संसद के रूप में भी कार्य किया।

**39. [c]**

**व्याख्या:-**

- संविधान केंद्र और राज्यों के बीच विधायी विषयों के तीन गुना वितरण का प्रावधान करता है, अर्थात सातवीं अनुसूची में सूची- I (संघ सूची), सूची- II (राज्य सूची) और सूची- III (समवर्ती सूची)

**40. [c]**

**व्याख्या:-**

- समानता: फ्रांसीसी क्रांति के नेताओं का विश्वास था कि कानून की दृष्टि से सभी व्यक्ति समान हैं। कानून चाहे किसी को बचाता है या सजा देता है, ऐसा उसे जन्म आदि के विभेद का लिहाज किए बिना ही करना चाहिए। इसके अलावा, सभी नागरिक केवल अपनी क्षमता, गुण और प्रतिभा के अनुसार सभी लोक पद, सम्मान और स्थान प्राप्त करने के लिए समान रूप से पात्र है।
- यह मौलिक अधिकार के अनुच्छेद 14 में समानता के दो व्यापक दृष्टिकोणों ( समानता और समान अवसर ) में परिलक्षित होता है, जो नकारात्मक और सकारात्मक दोनों समानता ( सकारात्मक कार्रवाई ) को बढ़ावा देता है।

**41. [b]**

**व्याख्या:-**

**नवीन राज्यों का गठन-वर्ष :**

| राज्य | गठन वर्ष |
|---|---|
| आंध्रप्रदेश | 1 अक्टूबर, 1953 |
| गुजरात | 1 मई, 1960 |
| नागालैंड | 1 दिसम्बर, 1963 |
| हरियाणा | 1 नवम्बर, 1966 |
| हिमाचल प्रदेश | 25 जनवरी, 1971 |
| मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा | 21 जनवरी, 1972 |
| सिक्किम | 16 मई, 1975 |
| अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम | 20 फरवरी, 1987 |
| गोवा | 30 मई, 1987 |
| छत्तीसगढ़ (26वाँ) | 1 नवम्बर, 2000 |
| उत्तराखण्ड (27वाँ) | 9 नवम्बर, 2000 |
| झारखण्ड (28वाँ) (बिहार से पृथक) | 15 नवम्बर, 2000 |
| तेलंगाना (29वाँ) | 2 जून, 2014 |

**42. [a]**

**व्याख्या:-**

- समानता का अधिकार (a): अन्य उपाधियों का उन्मूलन (III) स्वतंत्रता का अधिकार (b): जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता (I) सांस्कृतिक और शैक्षणिक अधिकार (c): अल्पसंख्यकों को शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने का अधिकार (IV)
- शोषण के विरुद्ध अधिकार (d): मानव तस्करी और जबरन श्रम पर प्रतिबंध (II)

**43. [b]**

**व्याख्या:-**

- **44वाँ संविधान संशोधन, 1977 :** इसने धारा 2 को अनुच्छेद 38 में सम्मिलित किया जो घोषित करता है कि "राज्य विशेष रूप से आय में आर्थिक असमानताओं को कम करने और व्यक्तियों के बीच नहीं बल्कि समूहों के बीच स्थिति, सुविधाओं एवं अवसरों संबंधी असमानताओं को खत्म करने का प्रयास करेगा।"
- **42वाँ संविधान संशोधन, 1976 :** इसमें नए निर्देश जोड़कर। अनुच्छेद 39A: गरीबों को निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना।
- **86वाँ संशोधन अधिनियम, 2002 :** अनुच्छेद 45 के विषयवस्तु को परिवर्तित किया। संशोधित निर्देश के अनुसार राज्य को सभी बच्चों के लिए छह वर्ष की आयु पूरी होने तक पूर्व-प्रारंभिक देखभाल और शिक्षा प्रदान करने की आवश्यकता रखता है।
- **97वाँ संशोधन अधिनियम, 2011 :** अनुच्छेद 43B - सहकारी समितियों के स्वैच्छिक गठन, स्वायत्त कार्यप्रणाली, लोकतांत्रिक नियंत्रण और व्यावसायिक प्रबंधन को बढ़ावा देना।

**44. [c]**

**व्याख्या:-**

- सरदार स्वर्ण सिंह (अध्यक्ष), एसएस राय, वीएन गाडगिल, बीएन बनर्जी, दिनेश गोस्वामी, डीपी सिंह, सीएम स्टीफ़न, एचआर गोखले, रजनी पटेल, वीए सईद मुहम्मद, एआर अंतुले, वसंत साठे

**45. [d]**

**व्याख्या:-**

◈ राष्ट्रपति चुनाव के लिए विधायकों की वोट वैल्यू वर्ष 1971 की जनगणना और विधायकों की संख्या के लिहाज से होती है। राष्ट्रपति चुनाव में विधायकों की वोट वैल्यू वर्ष 1971 की जनगणना के आधार पर तय की गई है। प्रदेश की कुल जनसंख्या में विधायकों की संख्या गुणा 1000 का भाग दिया जाता है। इसके बाद जो संख्या प्राप्त होती है। वही एक विधायक की वोट वैल्यू होती है। वर्ष 1971 में राजस्थान की जनसंख्या 2,57,65,806 थी। इसमें विधायकों की कुल संख्या 200 से भाग देने पर संख्या 1,28,829.03 संख्या प्राप्त होती है। इसमें फिर से 1000 से भाग देने पर संख्या 128.82 आती है। इस तरह राजस्थान के विधायक के वोट की वैल्यू 129 तय हुई।

**46. [d]**

**व्याख्या:-**

◈ अनुच्छेद 74 (1) राष्ट्रपति को सहायता और सलाह देने के लिए एक मंत्रि-परिषद होगी जिसका प्रधान, प्रधानमंत्री होगा और राष्ट्रपति अपने कृत्यों का प्रयोग करने में ऐसी सलाह के अनुसार कार्य करेगा अनुच्छेद 74 (2) इस प्रश्न की किसी न्यायालय में जांच नहीं की जाएगी कि क्या मंत्रियों ने राष्ट्रपति को कोई सलाह दी, और यदि दी तो क्या दी।

**47. [c]**

**व्याख्या:-**

◈ भारत के संविधान के अनुसार, स्पीकर के पास अपार प्रशासनिक और विवेकाधीन शक्तियां निहित हैं। जिनमें से कुछ की गणना नीचे की गई है:

◈ स्पीकर लोकसभा का मुखिया और उसका प्रतिनिधि होता है। वह सदन का प्रमुख प्रवक्ता होता है और सभी संसदीय मामलों में उसका निर्णय अंतिम होता है।

◈ स्पीकर संविधान के अनुच्छेद 108 (Article 108) के तहत संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करता है। कोई विधेयक धन विधेयक है या नहीं और इस पर लोकसभा अध्यक्ष का निर्णय अंतिम होता है। अर्थात कोई विधेयक धन विधेयक है या नहीं इसका निर्धारन लोकसभा अध्यक्ष करता है।

◈ वह लोकसभा की सभी संसदीय समितियों के अध्यक्ष की नियुक्ति करता है और उनके कामकाज की निगरानी करता है। जब अध्यक्ष को हटाने का प्रस्ताव सदन में विचाराधीन होता है, तो वह सदन की बैठकों की अध्यक्षता नहीं कर सकता, यद्यपि वह उपस्थित हो सकता है। वह ऐसे समय में सदन की कार्यवाही में बोल सकता है और भाग ले सकता है तथा प्रथम दृष्टया मतदान कर सकता है, यद्यपि मतों की बराबरी की स्थिति में ऐसा नहीं किया जा सकता।

**48. [d]**

**व्याख्या:-**

◈ अनुच्छेद 124(4): सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की पदच्युति की प्रक्रिया निर्धारित करता है, जो अनुच्छेद 218 के अंतर्गत उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर लागू होती है।

◈ जाँच समिति: तीन सदस्यीय समिति गठित की जाती है, जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश, एक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और एक प्रतिष्ठित न्यायविद शामिल होते हैं।

**49. [a]**

**व्याख्या:-**

◈ अल नीनो और ला नीना झंझावात (तूफान) नहीं, बल्कि प्रशांत महासागर में समुद्री सतह के तापमान और वायुमंडलीय परिस्थितियों से संबंधित मौसम प्रतिरूप हैं, जिन्हें ENSO (El Niño-Southern Oscillation) कहा जाता है।

◈ अल नीनो के दौरान अपवेलिंग (Upwelling) कम हो जाता है, जिससे पोषक तत्वों की आपूर्ति घटती है और पादप-प्लवक (Phytoplankton) की मात्रा कम होती है।
ला नीना में व्यापारिक हवाएँ (Trade Winds) मजबूत होती हैं, जिससे ठंडा पानी सतह पर आता है।

◈ ये वैश्विक मौसम को प्रभावित करने वाले जलवायु प्रतिरूप हैं।

**50. [b]**

**व्याख्या:-**

◈ **लैब्राडोर धारा :** यह बाफिन खाड़ी और डेविस जलडमरूमध्य से निकलती है और न्यूफ़ाउंडलैंड और ग्रांड बैंक के तटीय जल से बहने के बाद उत्तरी अटलांटिक महासागर में गल्फ स्ट्रीम में विलीन हो जाती है।

◈ यह ठंडे पानी की धारा है।

◈ **कैनरी जलधारा :** यह एक हवा से चलने वाली सतह की धारा है जो उत्तरी अटलांटिक गीयर का हिस्सा है।

◈ **ब्राज़ीलियाई धारा :** ब्राज़ील के दक्षिणी तट के साथ रियो डी ला प्लाटा तक बहती है। यह अर्जेंटीना सागर में ठंडे फ़ॉकलैंड करंट में शामिल हो जाती है, जिससे यहाँ समशीतोष्ण समुद्र की स्थिति बनती है।

◈ **फॉकलैंड धारा :** यह अंटार्कटिक सर्कम्पोलर करंट की एक शाखा है। इसे माल्विनास धारा के नाम से भी जाना जाता है।

**51. [c]**

**व्याख्या:-**

◈ माउंट कोसियस्ज़को, ऑस्ट्रेलिया की सबसे ऊँची चोटी है, जो दक्षिण-पूर्वी न्यू साउथ वेल्स में ऑस्ट्रेलियाई आल्प्स के स्नोई पर्वतों में 7310 फ़ीट (2228 मीटर) की ऊँचाई पर स्थित है।

◈ पहले माउंट मैकिनले कहा जाने वाला डेनाली, उत्तरी अमेरिका का सबसे ऊंचा पर्वत है।

◈ दक्षिण-मध्य अलास्का में स्थित, मैकिनले की चोटी समुद्र तल से 20,310 फीट (6,190 मीटर) ऊपर है, यह सात महाद्वीपों में प्रत्येक के सबसे ऊंचे पर्वतों में - नेपाल के माउंट एवरेस्ट और अर्जेंटीना के एंककैगुआ के बाद तीसरे स्थान पर है।

◈ एल्ब्रुस रूस के काराचाए-चरकस्सिया क्षेत्र में स्थित है और जॉर्जिया की सीमा के काफ़ी नज़दीक है।

◈ तंज़ानिया में अवस्थित माउंट किलिमंजारो अफ़्रीका महाद्वीप का सबसे ऊँचा पर्वत है, जिसकी ऊँचाई लगभग 5,895 मीटर है।

**52. [a]**

**व्याख्या:-**

◈ पिट्सबर्ग : पिट्सबर्ग संयुक्त राज्य अमेरिका में पेन्सिलवेनिया राज्य का एक शहर है। पिट्सबर्ग को 300 से अधिक इस्पात से संबंधित व्यवसायों के लिए "इस्पात शहर" के रूप में जाना जाता है।

- ❖ यॉर्कशायर : यॉर्कशायर को औपचारिक रूप से यॉर्क प्रदेश के रूप में जाना जाता है जो उत्तरी इंग्लैंड का एक प्रदेश है और ब्रिटेन में सबसे बड़ा प्रदेश है।
- ❖ किंकी : कंसाई या किंकी जापान के मुख्य द्वीप होंशू के दक्षिण में एक क्षेत्र है । इसके केंद्र में क्योटो शहर है ।
- ❖ सेंट पीटर्सबर्ग : सेंट पीटर्सबर्ग बाल्टिक सागर पर एक रूसी पत्तन शहर है।

**53. [d]**

**व्याख्या:-**

- ❖ जिब्राल्टर जलसंधि : यह मोराक्को और स्पेन को अलग करती है। यह भूमध्य सागर और अटलांटिक महासागर में जुड़ जाती है।
- ❖ मलक्का जल संधि : यह मलय प्रायद्वीप और सुमात्रा के इंडोनेशियाई द्वीप को विभाजित करता है। मलक्का जलडमरूमध्य हिंद महासागर और प्रशांत महासागर को जोड़ता है।
- ❖ बेरिंग जलसंधि : यह एक जलसंधि है, जो प्रशांत और आर्कटिक महासागरों को जोड़ती है। बेरिंग जलसंधि एशिया और उत्तरी अमेरिका के महाद्वीपों को उनके निकटतम बिंदु पर एक-दूसरे को पृथक करती है।
- ❖ होर्मुज की जलसंधि : यह फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ती है।

**54. [a]**

**व्याख्या:-**

- ❖ आई.पी.सी.सी. (Intergovernmental Panel on Climate Change) का गठन विश्व मौसम संगठन (WMO) और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा 1988 में किया गया था। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से संबंधित वैज्ञानिक जानकारी का आकलन करना और विभिन्न देशों के बीच इस पर सहयोग को बढ़ावा देना है। आई.पी.सी.सी. जलवायु परिवर्तन के कारणों, प्रभावों और संभावित उपायों पर शोध करता है और उसकी रिपोर्ट प्रकाशित करता है।

**55. [a]**

**व्याख्या:-**

- ❖ पिग्मी कांगो नदी घाटियों में पाए जाते हैं, वे अफ्रीका के मूल निवासी हैं। वे भूमध्यरेखीय अफ्रीका में फैले छोटे कद के लोग हैं।
- ❖ बुशमैन, दक्षिण अफ्रीका के कालाहारी रेगिस्तान में रहने वाली एक जनजाति है। ये खोइसन समूह का हिस्सा हैं और खोईखोई से जुड़े हुए हैं। बुशमैन को सैन पीपुल भी कहा जाता है।
- ❖ ज़ुलु, दक्षिण अफ़्रीका का एक प्रमुख जातीय समूह और राष्ट्र है। ज़ुलु लोग मुख्य रूप से क्वाज़ुलु-नाताल प्रांत में रहते हैं। ज़ुलु भाषा को भी ज़ुलु या इसिज़ुलु कहा जाता है।
- ❖ माया जनजाति, मेक्सिको, ग्वाटेमाला, बेलीज़, पश्चिमी अल साल्वाडोर, और हौंडुरास में रहती है। माया लोग मेसोअमेरिका के मूल निवासी हैं।

**56. [a]**

**व्याख्या:-**

- ❖ इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) प्रणाली के तहत, करदाताओं को उनकी खरीद पर चुकाए गए टैक्स का क्रेडिट मिलता है, जिससे दोहरे करारोपण (Double Taxation) को रोका जाता है। इससे व्यापारियों को राहत मिलती है और लागत कम होती है।

**57. [d]**

**व्याख्या:-**

- ❖ अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान (AIFIs) वे संस्थान होते हैं जो सरकार द्वारा स्थापित किए गए हैं और विशेष क्षेत्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से काम करते हैं। इनका नियमन एवं पर्यवेक्षण भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा किया जाता है, परंतु ये परंपरागत बैंक नहीं होते।
- ❖ RBI द्वारा विनियमित प्रमुख AIFIs में शामिल हैं:
- ❖ भारतीय निर्यात आयात बैंक (Exim Bank)
- ❖ निर्यात और आयात के लिए दीर्घकालिक वित्तीय सहायता प्रदान करता है।
- ❖ RBI द्वारा विनियमित।
- ❖ राष्ट्रीय आवास बैंक (NHB)
- ❖ आवास क्षेत्र को वित्तपोषण देने वाला प्रमुख संस्थान है।
- ❖ पहले यह RBI की पूर्ण स्वामित्व वाली संस्था थी।
- ❖ अब इसका स्वामित्व सरकार के पास है, परंतु विनियमन RBI द्वारा किया जाता है।
- ❖ भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI)
- ❖ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) को वित्तीय सहायता देता है।
- ❖ RBI द्वारा विनियमित AIFI है।
- ❖ जो AIFI नहीं हैं:
- ❖ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI):
- ❖ एक वाणिज्यिक सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है, जो RBI द्वारा बैंकिंग विनियमन अधिनियम के तहत नियंत्रित है, लेकिन AIFI नहीं है।
- ❖ सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया:
- ❖ एक सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है, AIFI नहीं है।

**58. [c]**

**व्याख्या:-**

**मौद्रिक नीति की नोडल एजेंसी:**

- ❖ भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) भारत में मौद्रिक नीति को तैयार करने और उसे लागू करने वाली मुख्य और नोडल एजेंसी है।
- ❖ यह कार्य RBI अधिनियम 1934 की धारा 45Z के अंतर्गत किया जाता है। मौद्रिक नीति समिति (Monetary Policy Committee - MPC) भी RBI के तहत कार्य करती है।

**59. [b]**

**व्याख्या:-**

- ❖ अनुच्छेद 279A के तहत GST परिषद की स्थापना की गई, जो भारत में अप्रत्यक्ष कराधान के लिए जिम्मेदार है।

**60. [a]**

**व्याख्या:-**

- ❖ मौद्रिक नीति का उद्देश्य मुद्रास्फीति, ब्याज दरें, मुद्रा आपूर्ति, और आर्थिक विकास को नियंत्रित करना है।

**मौद्रिक नीति के घटक होते हैं:**

- ❖ खुले बाजार की क्रियाएं (Open Market Operations - OMO): यह केंद्रीय बैंक द्वारा सरकारी बॉन्ड्स को खरीदने या बेचने की प्रक्रिया है।
- ❖ बैंक दर (Bank Rate): यह वह दर है जिस पर केंद्रीय बैंक वाणिज्यिक बैंकों को ऋण प्रदान करता है।

- ◈ सार्वजनिक ऋण और सार्वजनिक राजस्व राजकोषीय नीति के घटक होते हैं, ना कि मौद्रिक नीति के।

**61. [b]**

**व्याख्या:-**

- ◈ हेडलाइन मुद्रास्फीति, मुद्रास्फीति का कच्चा आँकड़ा है जो कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आधार पर तैयार की जाती है। हेडलाइन मुद्रास्फीति में खाद्य एवं ईंधन की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव को भी शामिल किया जाता है। कोर मुद्रास्फीति वह है जिसमें खाद्य एवं ईंधन की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव को शामिल नहीं किया जाता है।

**62. [a]**

**व्याख्या:-**

- ◈ राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन का शुभारंभ 15 जुलाई 2015 को हुआ था। इसका उद्देश्य देश में कौशल विकास को बढ़ावा देना और रोजगार के अवसरों में वृद्धि करना है।

**63. [b]**

**व्याख्या:-**

- ◈ भारत की प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951-1956) हैरॉड-डोमर मॉडल पर आधारित थी। इस मॉडल को अर्थशास्त्रियों Sir Roy Harrod और Evsey Domar ने विकसित किया था।
- ◈ हैरॉड-डोमर मॉडल में निवेश और बचत के बीच का संबंध दर्शाया गया है और यह सिद्धांत बताता है कि निवेश और बचत के स्तर को बढ़ाकर आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया जा सकता है।
- ◈ इस मॉडल का मुख्य उद्देश्य निर्माण क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देना था ताकि आर्थिक विकास और समृद्धि के लिए बुनियादी ढांचा तैयार किया जा सके।

**64. [b]**

**व्याख्या:-**

- ◈ राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (NMP) का शुभारंभ 23 अगस्त 2021 को केंद्रीय वित्त मंत्री **श्रीमती निर्मला सीतारमण** द्वारा किया गया था। यह NITI Aayog द्वारा विकसित एक योजना है, जो केंद्रीय मंत्रालयों की ब्राउनफील्ड बुनियादी ढांचा संपत्तियों से संबंधित है। इसकी कुल अवधि वित्त वर्ष 2022 से 2025 तक **4 वर्ष** निर्धारित है।

**65. [c]**

**व्याख्या:-**

- ◈ प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (PMAGY) का उद्देश्य अनुसूचित जाति बहुल गाँवों का एकीकृत विकास करना है। यह योजना केंद्रीय सहायता के रूप में प्रत्येक गाँव को 120 लाख रुपये तक वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इसका प्राथमिक चरण 2009-10 में शुरू किया गया था।

**66. [b]**

**व्याख्या:-**

- ◈ भारत की बारहवीं पंचवर्षीय योजना का मुख्य विषय "तीव्र, अधिक समावेशी तथा सुस्थिर वृद्धि" था, जो विकास के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग की समृद्धि और पर्यावरण के संतुलन को ध्यान में रखता था।

**67. [d]**

**व्याख्या:-**

- ◈ गुरु शिखर राजस्थान के अर्बुदा पर्वत की सबसे ऊँची चोटी है, अरावली श्रृंखला का सबसे ऊँचा स्थान है।
- ◈ धूपगढ़ पर्वत महादेव पहाड़ियों ( सतपुड़ा श्रृंखला में स्थित) का और पूरे मध्य प्रदेश का उच्चतम बिंदु है। यह पचमढ़ी में स्थित है और इसकी ऊंचाई 1,352 मीटर (4,429 फ़ुट) है।
- ◈ नीलगिरि पर्वत भारत के पश्चिमी तमिलनाडु में स्थित हैं और पश्चिमी घाट का हिस्सा हैं। नीलगिरि पर्वत की कम से कम 24 चोटियाँ 2,000 मीटर (6,600 फीट) से ऊँची हैं, डोड्डाबेट्टा के साथ, 2,637 मीटर, सबसे ऊँची (8,652 फीट) है।
- ◈ यह काराकोरम पर्वतमाला की सबसे पूर्वी उपश्रेणी सासेर मुजतघ की सबसे ऊँची चोटी है। ससीर कांगड़ी लद्दाख में स्थित है।

**68. [c]**

**व्याख्या:-**

- ◈ देहरादून हिमालय की सबसे बड़ी घाटी है और उत्तराखंड राज्य में स्थित है। इसे "दून वैली" के नाम से भी जाना जाता है और यह तीन तरफ से शिवालिक पहाड़ियों से घिरा हुआ है।

**69. [d]**

**व्याख्या:-**

**ब्रह्मपुत्र**

- ◈ ब्रह्मपुत्र का उद्गम मानसरोवर झील के पास कैलाश श्रेणी के चेमायुंगडुंग ग्लेशियर से सियांग या दिहांग के नाम से होता है।
- ◈ यह अरुणाचल प्रदेश के सादिया शहर के पश्चिम में भारत में प्रवेश करती है। सहायक नदियाँ: दिबांग, लोहित, सियांग, बूढ़ी दिहिंग, तिस्ता और धनसारी।

**घाघरा नदी**

- ◈ घाघरा नदी मापचाचुंगो हिमनद से निकलती है तथा तिला, सेती व बेरी नामक सहायक नदियों का जलग्रहण करने के उपरांत यह शीशापानी में एक गहरे महाखड्ड का निर्माण करते हुए पर्वत से बाहर निकलती है। शारदा नदी से मैदान में मिलती है और अंतत: छपरा (बिहार) में यह गंगा में विलीन हो जाती है।

**गोदावरी नदी**

- ◈ प्रायद्वीप की यह सबसे बड़ी तथा देश में गंगा के बाद दूसरी सबसे बड़ी नदी है। इसे दक्षिण की गंगा के नाम से जाना जाता है।
- ◈ जिसकी लंबाई 1465 किमी. है।
- ◈ यह महाराष्ट्र के नासिक जिले से निकलती है।
- ◈ इसका संपूर्ण अपवहन क्षेत्र 312,812 वर्ग किमी. है, जिसमें से लगभग 49 प्रतिशत महाराष्ट्र, 20 प्रतिशत भाग मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में और शेष भाग आंध्र प्रदेश में पड़ता है।

**नर्मदा नदी**

- ◈ नर्मदा नदी (जिसे रीवा के नाम से भी जाना जाता है) उत्तर और दक्षिण भारत के बीच एक पारंपरिक सीमा के रूप में कार्य करती है। यह मैकल पर्वत के अमरकंटक शिखर से पश्चिम की ओर 1,312 किमी प्रवाहित होते हुए खंभात की खाड़ी में मिलती है।

**सहायक नदियाँ**

- ◈ दाहिनी ओर से प्रमुख सहायक नदियाँ हैं- हिरन, तेंदोरी, बरना, कोलार, मान, उरी, हटनी और ओरसांग।
- ◈ प्रमुख बायीं सहायक नदियाँ हैं- बर्नर, बंजार, शेर, शक्कर, दूधी, तवा, गंजाल, छोटा तवा, कुंडी, गोई और कर्जन।

**बाँध**

- ◈ नदी पर बने प्रमुख बाँधो में ओंकारेश्वर और महेश्वर बाँध शामिल हैं।

**70. [b]**

**व्याख्या:-**

- ◈ ध्रुवीय उच्च दाब क्षेत्र से उपध्रुवीय निम्न दाब क्षेत्र की ओर चलती हैं। वे प्रकृति में बेहद ठंडे होते हैं।
- ◈ वे आर्कटिक क्षेत्रों में उत्पन्न होते हैं और बहुत अधिक वर्षा नहीं करते हैं; जब ये हवाएँ पश्चिमी हवाओं से टकराती हैं, तो वे चक्रवात बनाते हैं। व्यापारिक पवनों की अपेक्षा पछुआ पवनें ज़्यादा स्थिर नहीं होती। व्यापारिक पवनों की दिशा और शक्ति में स्थिरता होती है। पछुआ पवनें ज़्यादा अनियमित होती हैं।

**71. [c]**

**व्याख्या:-**

- ◈ कैगा परमाणु ऊर्जा स्टेशन (केएपीएस) का संचालन राज्य द्वारा संचालित न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) द्वारा किया जाता है।
- ◈ कैगा साइट कर्नाटक राज्य में उत्तर कन्नड़ जिले में काली नदी पर कादरा जलाशय पर स्थित है। संयंत्र भारत के दक्षिणी ग्रिड की सेवा करता है और पांच राज्यों (कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल और पांडिचेरी) को बिजली प्रदान करता है।

**72. [b]**

**व्याख्या:-**

- ◈ मिश्रित खेती में फसल उत्पादन, कृषि से संबंधित गतिविधियां और पशुपालन सभी को पारस्परिक लाभ को अधिकतम करने के लिए एक साथ किया जाता है।

**73. [b]**

**व्याख्या:-**

- ◈ यह उद्योग संवर्द्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) द्वारा जारी की जाती है। यह ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस इंडेक्स, बिज़नेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान (BRAP) पर आधारित है।
- ◈ इसे राज्यों के बीच एक स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा को प्रोत्साहित करने के लिये प्रस्तुत किया गया था। इससे प्रत्येक राज्य में निवेश आकर्षित करने और आसानी से व्यवसाय करने में मदद मिलेगी। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग वर्ष 2014 से BRAP अभ्यास में निर्धारित सुधारों के कार्यान्वयन में राज्यों/ केंद्रशासित प्रदेशों के प्रदर्शन के आधार पर उनका आकलन कर रहा है।

**74. [b]**

**व्याख्या: -**

- ◈ रेले प्रकीर्णन (Rayleigh scattering) के अनुसार प्रकीर्णन की मात्रा तरंगदैर्घ्य के चौथे घात के व्युत्क्रमानुपाती होती है ($\propto 1/\lambda^4$)। बैंगनी प्रकाश की तरंगदैर्घ्य नीले प्रकाश से कम होती है, इसलिए **बैंगनी प्रकाश का प्रकीर्णन नीले से अधिक होता है**, न कि कम। आकाश नीला दिखाई देने का कारण यह है कि हमारी आँखें नीले रंग के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं और वायुमंडल ऊपरी परत में बैंगनी प्रकाश का कुछ भाग अवशोषित भी कर लेता है।

**75. [a]**

**व्याख्या: -**

- ◈ GST नेटवर्क - यह एक गैर-लाभकारी गैर-सरकारी संगठन के रूप में पंजीकृत है। यह कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत पंजीकृत एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है।

**76. [c]**

**व्याख्या: -**

- ◈ कंप्यूटर में स्मृति (Memory) के मुख्य प्रकार निम्न हैं:

1. **सेमीकंडक्टर मेमोरी: -** जैसे – RAM, ROM आदि। ये अर्धचालक चिप्स से बनी होती हैं।
2. **मैग्नेटिक मेमोरी -** जैसे – हार्ड डिस्क, मैग्नेटिक टेप आदि।
3. **ऑप्टिकल मेमोरी -** जैसे – CD, DVD आदि, जो लेज़र तकनीक से कार्य करती हैं।

**77. [c]**

**व्याख्या: -**

(a) पृथ्वी-II मिसाइल भारतीय वायु सेना के पास है। यह जमीन-से-जमीन पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है।
(b) सुखोई-30 MKI एक बहुउद्देश्यीय (Multi-role) लड़ाकू विमान है, जो हवा-से-हवा तथा हवा-से-जमीन मिसाइलें दाग सकता है।
(c) त्रिशूल मिसाइल जमीन-से-हवा में मार करने वाली मिसाइल है, लेकिन यह कम दूरी (Short Range) की मिसाइल है। इसका परास लगभग 9 किमी के आसपास है, 30 किमी नहीं।
(d) INS प्रबल भारतीय नौसेना का स्वदेशी युद्धपोत है, जो विभिन्न प्रकार की मिसाइलों के परीक्षण/प्रक्षेपण में सक्षम है।

**78. [b]**

**व्याख्या: -**

- ◈ नैनो तकनीक (Nanotechnology) के विकास को सामान्यतः पीढ़ियों (Generations) में बाँटा जाता है—
- ◈ **पहली पीढ़ी (First Generation) – निष्क्रिय नैनो संरचनाएँ उदाहरण:** सौंदर्य प्रसाधन, सनस्क्रीन आदि।
- ◈ **दूसरी पीढ़ी (Second Generation) – सक्रिय नैनो संरचनाएँ उदाहरण:** लक्षित दवाएँ (Targeted Drugs), जो शरीर के विशेष भाग पर कार्य करती हैं।
- ◈ **तीसरी पीढ़ी (Third Generation) – 3-D नेटवर्किंग** जटिल नैनो संरचनाएँ और त्रि-आयामी संयोजन।
- ◈ **चौथी पीढ़ी (Fourth Generation) – आण्विक विनिर्माण -** मॉलिक्यूल स्तर पर निर्माण (Molecular Manufacturing)।

**79. [a]**

**व्याख्या: -**

- ◈ नाखून मृत कोशिकाओं (Dead cells) से बने होते हैं। ये कोशिकाएँ केराटिन (Keratin) नामक प्रोटीन से बनी होती हैं।
- ◈ इनमें रक्त संचार (Blood circulation) नहीं होता।
- ◈ इनमें तंत्रिकाएँ (Nerves) नहीं होतीं।
- ◈ इसी कारण नाखून काटते समय दर्द महसूस नहीं होता।

**80. [b]**

**व्याख्या: -**

A. कार्बोहाइड्रेट → . स्टार्च

B. एंजाइम → . पेप्सिन

C. हार्मोन → प्रोजेस्टेरोन

D. प्रोटीन → किरेटिन (Keratin)

**81. [d]**

**व्याख्या: -**

◈ मधुमेह (**Diabetes**) प्रौढ़ों में पाया जाने वाला एक सामान्य रोग है, विशेषकर टाइप-**2** मधुमेह।

**1.** रक्त में शर्करा का उच्च स्तर: **-** मधुमेह में रक्त में ग्लूकोज़ की मात्रा बढ़ जाती है (**Hyperglycemia**)।

**2..** रक्त में इंसुलिन की निम्न मात्रा: **-** या तो शरीर पर्याप्त इंसुलिन नहीं बनाता, या इंसुलिन ठीक से कार्य नहीं करता।

**82. [c]**

**व्याख्या:**

◈ किसी भौगोलिक क्षेत्र की जैव-विविधता (Biodiversity) के लिए निम्न कारक संकट उत्पन्न कर सकते हैं —

**(1) वैश्विक तापन : -** जलवायु परिवर्तन से कई प्रजातियाँ विलुप्त हो सकती हैं या उनका आवास बदल सकता है।

**(2) प्राकृतिक वास का विखंडन-** वनों की कटाई, शहरीकरण आदि से जीवों का प्राकृतिक आवास टूट जाता है, जिससे उनकी संख्या घटती है।

**(3) विदेशी प्रजातियों का आक्रमण -** विदेशी प्रजातियाँ स्थानीय प्रजातियों से संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा करती हैं और उन्हें नुकसान पहुँचाती हैं।

**83. [a]**

**व्याख्या: -**

◈ लुप्तप्राय प्रजातियाँ वे होती हैं, जिनकी आबादी बहुत कम हो गई हो और भविष्य में विलुप्त होने का खतरा हो।

**ग्रेट इंडियन बस्टर्ड** – गंभीर रूप से लुप्तप्राय।

**कस्तूरी मृग** – लुप्तप्राय।

**लाल पांडा** – लुप्तप्राय।

**एशियाई जंगली गधा** – गंभीर रूप से लुप्तप्राय।

**84. [a]**

**व्याख्या: -**

◈ भौगोलिक क्षेत्र की **जैव विविधता** के लिए खतरे निम्न हैं:

◈ **ग्लोबल वार्मिंग**: - जलवायु परिवर्तन से कई प्रजातियाँ अपने प्राकृतिक आवास में रह नहीं पातीं।

◈ **आवास का विखंडन**: - वन कटाई, शहरीकरण, खेती आदि से जीवों के प्राकृतिक आवास छोटे-छोटे हिस्सों में बंट जाते हैं।

◈ **विदेशी प्रजातियों का आक्रमण : -** विदेशी प्रजातियाँ स्थानीय प्रजातियों से संसाधन में प्रतिस्पर्धा करती हैं और जैव विविधता को कम कर देती हैं।

**85. [d]**

**व्याख्या: -**

◈ **राष्ट्रीय बागवानी मिशन** का उद्देश्य बागवानी क्षेत्र को बढ़ावा देना और किसानों की आय बढ़ाना है। इसके तहत निम्न सुविधाएँ विकसित की जाती हैं:

◈ **ग्रीन हाउस संरचना निर्माण-** फूल, सब्ज़ियाँ और फल उगाने के लिए नियंत्रित वातावरण प्रदान करना।

◈ **छाया क्षेत्र विकास-** पौधों को अत्यधिक गर्मी और सूरज की प्रत्यक्ष किरणों से बचाना।

◈ **वर्मीकम्पोस्ट इकाइयों का निर्माण-** जैविक खाद उत्पादन के लिए वर्मी कंपोस्ट इकाइयाँ स्थापित करना।

**86. [d]**

**व्याख्या:**

◈ राजस्थान में **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग** के बारे में उपलब्ध सरकारी जानकारी के अनुसार —

◈ **स्थापना वर्ष:** यह विभाग वर्ष **1983** में स्थापित किया गया था।

◈ **मुख्य कार्य:** इसका उद्देश्य राज्य में वैज्ञानिक सोच विकसित करना और **सामाजिक-आर्थिक विकास** को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के उपयोग से बढ़ावा देना है।

◈ **मुख्यालय:** इसका मुख्यालय **जयपुर** में स्थित है। **क्षेत्रीय कार्यालय:** ये कार्यालय **अजमेर, बीकानेर, कोटा, जोधपुर और उदयपुर** में हैं।

**87. [d]**

**व्याख्या:- –**

◈ पिछले साल टमाटर की कीमत = 10 रुपये

तो, इस साल टमाटर की कीमत = 10 + 10 का 20%

= 10 + 2 = रुपये 12

पिछले वर्ष आलू की कीमत = 5 रुपये

माना इस वर्ष आलू का मूल्य x

अत: इस वर्ष 5 आलू और 3 टमाटर की कीमत

$= 5x + (3 \times 12)$

$= 5x + 36$..... (i)

पिछले साल 5 आलू और 3 टमाटर की कीमत

$= ((5 \times 5) + (3 \times 10)) = 55$ ........ (ii)

इस साल लागत 11 रुपये अधिक है

(i) और (ii) से, हम प्राप्त करते हैं

$5x + 36 = 55 + 11$

$5x = 66 - 36$

$x = 6$

आलू की कीमत में वृद्धि = 6 – 5 = 1

प्रतिशत वृद्धि $= \frac{1}{5} \times 100\% = 20\%$

**88. [c]**

**व्याख्या:-**

◈ वर्ष 1999 ⇒ 1500 quintals

**89. [a]**

**व्याख्या:-**

◈ प्रतिशत बढ़ोतरी $= \frac{1000-500}{500} \times 100 = 100\%$

**90. [a]**

**व्याख्या:-**

◈ x प्रेक्षणों का माध्य = $y^2$

$\therefore$ x प्रेक्षणों का कुल = $xy^2$

y प्रेक्षणों का माध्य = $x^2$

$\therefore$ y प्रेक्षणों का कुल = $yx^2$

$\therefore$ (x + y) प्रेक्षणों का माध्य =

$$\frac{xy^2+yx^2}{(x+y)}=\frac{xy(y+x)}{(x+y)}=xy$$

**91. [d]**

**व्याख्या:-**

◈ प्रश्नानुसार

$$\frac{P\times9\times4}{100}-\frac{P\times12\times2}{100}=360$$

36P – 24P = 36000

12P = 36000

P = 3000 रुपये

**92. [a]**

**व्याख्या:-**

$$\frac{A\times30}{100}:\frac{B\times40}{100}:\frac{C\times60}{100}=1:2:3$$

30A : 40B : 60C = 1 : 2 : 3

3A : 4B : 6C = 1 : 2 : 3

माना 3A = 1, 4B = 2, 6C = 3

$$A=\frac{1}{3},B=\frac{1}{2},C=\frac{1}{2}$$

$$A:B:C=\frac{1}{3}:\frac{1}{2}:\frac{1}{2}$$

$$A:B:C=2:3:3$$

**93. [a]**

**व्याख्या:–**

◈ मिश्रधन = मूलधन $1+\frac{\text{दर}}{100}^{\text{समय}}$

$= 1,25,000\left(1+\frac{8}{100}\right)^2$

$= 1,25,000\left(1+\frac{2}{25}\right)^2$

$= 1,25,000\times\frac{27}{25}\times\frac{27}{25}$

= 200 × 27 × 27 = 1,45,800 रु.

**94. [d]**

**व्याख्या:-**

₹1 : 50P

$\frac{13}{1}:\frac{11}{\frac{50}{100}}$

संख्या = 13 : 22 = 35

$1\text{ रुपये}=\frac{210}{35}\times13=78$

**95. [b]**

**व्याख्या:-**

V E R B A L
-2 -2 -2 -2 -2 -2
T C P Z Y J

S I L E N T
-2 -2 -2 -2 -2 -2
Q G J C L R

**96. [d]**

**व्याख्या –**

a <u>a</u> bc <u>c</u> / c <u>c</u> a <u>b</u> b / <u>b</u> b <u>c</u> aa

◈ अत: विकल्प (d) शृंखला को पूरा करेगा।

**97. [b]**

**व्याख्या:-**

◈ स्पष्ट है कि अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और R, A की व्याख्या करता है।

**98. [d]**

**व्याख्या:-**




इसी प्रकार,

◈ 


**99. [a]**

**व्याख्या:–**

◈ निष्कर्ष (i) और (ii) दोनों दिए गए कथनों का अनुगमन नहीं करते हैं।

**100. [c]**

**व्याख्या:-**

◈ कथनानुसार I और II दोनों तर्क मजबूत हैं।

♦♦♦♦

विज्ञापन

# सफलता की चाबी
# राजस्थान परीक्षा हेतु PYQ's सीरीज़



## लक्ष्य क्लासेज उदयपुर के विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में,
## अक्षांश प्रकाशन द्वारा प्रकाशित।







Scan to Download
Lakshya App Now

Google play

व्याख्यात्मक हल
**लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर**
के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध

MRP : ₹ 240

S.No. AP0087 CODE : APDO(35) NRT

**राजस्थान के सभी बुक स्टोर्स एवं लक्ष्य क्लासेज एप्लीकेशन पर उपलब्ध!**

सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान
**लक्ष्य क्लासेज™**

M. 9079798005, 6376491126
Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle,
Main Road, Udaipur